**NEWS CLIPPING: 07.02.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# डिजिटल लैंग्वेज एवं मीडिया लैब छात्रों को समर्पित

**जासं, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के साथ अन्य विदेशी भाषाओं में पारंगत करने के उद्देश्य से डिजिटल लैंग्वेज और मीडिया लैब स्थापित की गई है। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने बुधवार को मानविकी विभाग में दोनों लैब विद्यार्थियों को समर्पित की। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में बहुभाषी शिक्षा का महत्व काफी बढ़ गया है। डिजिटल लैंग्वेज लैब से विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में दक्षता हासिल करने के साथ-साथ अन्य विदेशी भाषाओं को सीखने में भी मदद मिलेगी। इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी में दक्षता के साथ-साथ अन्य विदेशी भाषाओं का ज्ञान उनके करियर का दायरा बढ़ा सकता है। दोनों लैब को स्थापित करने पर लगभग 20 लाख रुपये की लागत आई है। इसी प्रकार से मीडिया लैब में पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए जरूरी सॉफ्टवेयर उपलब्ध करवाये गये है, जिससे उन्हें वीडियो एडिटिंग तथा न्यूजपेपर डिजाइनिंग जैसे कार्यों में दक्षता हासिल होगी। मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ.पूनम सिंघल ने कुलपति को विभाग की विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया। डीन (फैकल्टी ऑफ ह्यूमैनिटी) डॉ. राज कुमार, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज उपस्थित थे।



डिजिटल लैंग्वेज लैब तथा मीडिया लैब का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार

**NEWS CLIPPING: 07.02.2019**

**PUNJAB KESARI**

# विद्यार्थी अब अंग्रेजी के साथ विदेशी भाषाओं में भी हासिल कर सकेंगे दक्षता

## प्रो दिनेश कुमार ने डिजिटल लैंग्वेज लैब व मीडिया लैब विद्यार्थियों को किया समर्पित

फरीदाबाद, 6 फरवरी (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद ने इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ अन्य विदेशी भाषाओं में दक्षता हासिल करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से डिजिटल लैंग्वेज लैब तथा मीडिया के विद्यार्थियों को और अधिक व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए मीडिया लैब स्थापित की है। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने आज मानविकी विभाग में दोनों लैब विद्यार्थियों को समर्पित किया। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में बहुभाषी शिक्षा का महत्व काफी बढ़ गया है। डिजिटल लैंग्वेज लैब से विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में दक्षता हासिल करने के साथ-साथ अन्य विदेशी भाषाओं को सीखने में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ पूनम सिंघल ने कुलपति को विभाग की विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर डीन फैकल्टी आफ ह्यूमैनिटी डॉ राज कुमार, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ तिलक राज तथा विश्वविद्यालय के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति थे।



*डिजिटल लैंग्वेज लैब तथा मीडिया लैब का उद्घाटन करते हुए प्रो दिनेश कुमार।*


पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 07 February 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/36498140

**NEWS CLIPPING: 07.02.2019**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में लैंग्वेज और मीडिया लैब शुरू

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में अब इंजीनियरिंग के छात्र अंग्रेजी और विदेशी भाषा में भी दक्षता हासिल करेंगे। विश्वविद्यालय में डिजिटल लैंग्वेज लैब और मीडिया लैब स्थापित की गई है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने आज मानविकी विभाग में दोनों लैब का शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटल लैंग्वेज लैब की मदद से छात्र अंग्रेजी भाषा में दक्षता हासिल करने के साथ विदेशी भाषाओं को सीख सकेंगे। वहीं मीडिया लैब में पत्रकारिता के छात्रों के लिए सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराए गए हैं। इसके जरिए छात्र वीडियो एडिटिंग और न्यूजपेपर डिजाइनिंग आदि सीख सकेंगे।

तकरीबन 20 लाख रुपये की लागत से ये लैब बनाई गई है। मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि लैंग्वेज लैब की मदद से छात्र सामान्य ज्ञान भी बढ़ा सकेंगे। सॉफ्टवेयर की मदद उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन भी किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 07.02.2019**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विवि में विदेशी भाषाओं का मिलेगा ज्ञान

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए भाषा और व्यवहारिक लैब की शुरुआत की गई। इसमें विद्यार्थियों को भाषाई दक्षता हासिल करने में मदद मिलेगी। उपकुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बुधवार को दोनों लैब विद्यार्थियों को समर्पित की। प्रो. दिनेश विद्यार्थियों को बदलते वैश्विक परिदृश्य में बहुभाषी शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि लैंग्वेज लैब से विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के साथ ही अन्य विदेशी भाषाओं को सीखने में भी मदद मिलेगी। कुल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी में दक्षता के साथ-साथ अन्य विदेशी भाषाओं का ज्ञान उनके करियर का दायरा बढ़ता है। उन्होंने बताया कि दोनों लैब स्थापित करने पर लगभग 20 लाख रुपये का खर्च आया है। उन्होंने बताया कि मीडिया लैब में पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए जरूरी सॉफ्टवेयर उपलब्ध करवाये गये है। लैब में वीडियो एडिटिंग और न्यूजपेपर डिजाइनिंग में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मानविकी विभाग की अध्यक्ष डा. पूनम सिंघल ने उपकुलपति को विभागीय गतिविधियों के बारे में बताया। ब्यूरो

**AMAR UJALA**

# 'आध्यात्मिक ज्ञान से होती है सुख की प्राप्ति'

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 195वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें वैदिक साहित्य के विद्वान व गुजरात के दर्शन योग कालेज में द्रोणाचार्य स्वामी विश्वांग परिव्राजक मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद द्वारा रचित साहित्य सत्यार्थ प्रकाश का नियमित अध्ययन करने का आह्वान किया। ब्यूरो